# प्रादेशिक समाचार
## 29.01.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

**1.** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रांची में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह में हुए शामिल, कहा–'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में अहिल्याबाई के विचार प्रेरणादायी।

**2.** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न, छह प्रस्तावों को मिली मंजूरी।

**3.** रांची विधायक सीपी सिंह और सांसद महुआ माजी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन में चार्जशीट दाखिल।

**4.** राज्य की पुलिस ने हत्याकांड, गोलीकांड और अवैध शराब तस्करी के अलग अलग मामलों में की कार्रवाई, छह आरोपी हुए गिरफ्तार।

**5.** हॉकी इंडिया लीग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला श्राची राढ़ बंगाल टाइगर से जारी, यूपी रुद्राज का मैच तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज रांची में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने उन्हें नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की प्रतीक बताते हुए कहा कि अहिल्याबाई का जीवन नारी सशक्तिकरण और परोपकार का उत्कृष्ट उदाहरण है और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में उनके विचार प्रेरणादायी हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद् की बैठक संपन्न हुई जिसमें छह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें उच्चतर पुरस्कार योजना को लागू करने की स्वीकृति दी गई, जिसके तहत शिक्षकों, छात्रों और संस्थानों को नौ प्रकार के पुरस्कार मिलेंगे। साथ ही नगर विकास विभाग में निर्माण कार्य श्रेणी में जीएसटी दर में वृद्धि के कारण भुगतान प्रक्रिया को मंजूरी दी गई।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को भूखंड के पेपर सौंपे। दोनों खिलाड़ियों को हरमू हाउसिंग कॉलोनी में तीन हजार सात सौ पचास वर्गफीट का भूखण्ड आवंटित किया गया है।

*******************

केंद्र सरकार ने 34,000 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी। जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसका उद्देश्य ऊर्जा, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, और अन्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति बढ़ाना है। साथ ही, सरकार ने गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल की खरीद मूल्य को मंजूरी दी है, जो किसानों और अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचा रहा है।

*******************

महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के साधु–संतों ने आज त्रिवेणी संगम पर अमृत स्नान किया। इस अवसर पर संत–समुदाय पर पुष्पवर्षा की गई। महाकुंभ के दूसरे दिन दोपहर दो बजे तक पांच करोड़ से अधिक लोग पवित्र स्नान कर चुके थे।

इधर रेलवे ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को पूरी तरह से निराधार और भ्रामक बताया।

*******************

रांची पुलिस ने भाजपा विधायक सीपी सिंह और जेएमएम सांसद महुआ माजी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में चार्जशीट दाखिल की। हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज मामलों में पुलिस ने आरोपों को सही पाया है। अब यह केस एमपी–एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित किया जा सकता है।

*******************

जामताड़ा जिले में दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का समापन विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया और खेती को बेहतर बनाने की अपील की।

*******************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रांची में राज्य–स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में राज्यभर से आए जनजातीय कलाकार स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की गाथाओं को कला के रूप में प्रस्तुत करेंगे। मौके पर श्री लिंडा ने कहा कि यह शिविर झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को चित्रों के माध्यम से जीवंत करेगा।

*******************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर में रतन गोराई हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और हत्या में इस्तेमाल हुए चाकू, गमछा, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद किया। एसडीपीओ समीर कुमार सवैया ने बताया कि मृतक की पत्नी मेनका गोराई, उसके प्रेमी राजू डे और सहयोगी गहुल तिवारी ने हत्या की साजिश रची थी।

*******************

हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 लाख रुपए मूल्य की नौ हज़ार पांच सौ बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हरुदाग गांव में छापेमारी कर कार्रवाई की।

*******************

इधर डाल्टनगंज पुलिस ने फोरलेन टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और गोलीबारी में इस्तेमाल पिस्टल और गोली बरामद की है।

*******************

गोड्डा जिले में हस्तकारीगरों के आर्थिक उन्नयन को लेकर प्राधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लोगों को लाभ दिया जा रहा है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का रोमांचक मुकाबला श्राची राढ़ बंगाल टाइगर से राउरकेला में जारी है। इसके बाद, सवा आठ बजे यूपी रुद्राज का मैच तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। अंक तालिका में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर पहले और हैदराबाद तूफांस दूसरे स्थान पर है। प्रतियोगिता के सेमिफाइनल मैच 31 जनवरी को खेले जायेंगे जबकि एक फरवरी को फाइनल मुकाबला होगा।

*******समाप्त*******